Office of the Executive Engineer,
Electricity Transmission Division,
U.P. Power Transmission Corp. Ltd.
Type IV-I,220KV Hydle Colony
Hussainganj, Sitapur U.P.-261001
**GSTIN NO. 09AAACU8823E1Z9**
E-mail-eeetdstp006@gmail.com

कार्यालय अधिशासी अभियन्ता,
विद्युत पारेषण खण्ड
उ0प्र0 पावर ट्रान्स0 कारपो0 लि0
टाइप–IV/I, 220के0वी हाइडिल कालोनी
हुसैनगंज सीतापुर–उ0प्र0 261001
मो0 9450909419

पत्रॉक : 1372 / वि0पारे0खं0(सी0) / टी0–3 दिनॉकः– 19.07.2022

सेवा में,

**विज्ञापन व्यवस्थापक,** एवं विज्ञापन व्यवस्थापक
अमर उजाला व्यास भारती
सीतापुर सीतापुर

महोदय,

कृपया सॅलग्न विज्ञापन अपने प्रतिष्ठित दैनिक / साप्ताहिक समाचार पत्र में दिनॉक 20/21.07.2022 के अंक में कम से कम स्थान (हिन्दी भाषा के समाचारपत्रों के लिए 8–10 प्वाइन्ट टाइप में तथा अंग्रेजी भाषा के समाचारपत्रों के लिए 6–8 प्वाइन्ट टाइप में (समाचारपत्र के केवल ''एक कालम में'') प्रकाशित करने की व्यवस्था करें। हेडिंग व नीचे का नाम व पता यथासंभव एक ही लाईन में रनिंग मैटर के रूप में कम से कम स्थान में प्रकाशित करें।

2. प्रकाशन के बाद विज्ञापन आदेश की प्रथम मूल प्रति प्रकाशन हेतु प्रेषित सामग्री की मूल प्रति के साथ, विज्ञापन शुल्क बीजक तीन प्रतियों में अग्रिम भुगतान प्राप्ति रसीदी टिकट सहित प्रकाशित विज्ञापन की दो सम्पूर्ण बाउचर प्रतियॉ सॅलग्न करते हुए भुगतान हेतु अनुसचिव (जनसम्पर्क) उ0प्र0 पावर कारपोरेशन लि0, शक्ति भवन, लखनऊ को / अधोहस्ताक्षरी को (जहॉ भुगतान क्षेत्रीय स्तर पर होना है) प्रेषित करें। विज्ञापन आदेश की प्रथम प्रति के स्थान पर फोटो प्रति प्रेषित करने पर सत्यापन / भुगतान सम्भव न होगा।

3. सॅलग्न हिन्दी / अंग्रेजी भाषा की विज्ञापन सामग्री का प्रकाशन अंग्रेजी भाषा के समाचार पत्र में अंग्रेजी भाषा में तथा हिन्दी समाचार पत्र में केवल हिन्दी भाषा में ही किया जाय। हिन्दी समाचार पत्र के लिए संलग्न अंग्रेजी भाषा की सामग्री का अनुवाद हिन्दी भाषा में करने के उपरान्त ही विज्ञापन प्रकाशित किया जाय जिसके लिए समाचार पत्र को कोई अतिरिक्त शुल्क देय नहीं होगा।

4. विज्ञापन प्रकाशित होते ही विलम्बतम एक सप्ताह के अन्दर प्रकाशित विज्ञापन की एक कटिंग अधोहस्ताक्षरी को सूचनार्थ अवश्य भेज दी जाय अन्यथा सम्बन्धित बीजक का सत्यापन / भुगतान नहीं किया जायेगा।

5. यदि आपको सूचना एवं जनसम्पर्क विभाग उ0प्र0 तथा विज्ञापन एवं दृश्य प्रचार निदेशालय भारत सरकार द्वारा विज्ञापन दरें स्वीकृत न हों तो कृपया विज्ञापन का प्रकाशन न करें तथा अधोहस्ताक्षरी को अविलम्ब इस आशय की सूचना देने का कष्ट करें।

6. विज्ञापन के अन्त में नीचे छोटे टाईप में ''राष्ट्रहित में बिजली बचायें'' का नारा तथा इस विज्ञापन आदेश की संख्या व दिनांक अवश्य प्रकाशित करें।

7. उक्त निर्देशों के विपरीत तथा गलत अथवा भद्दे ढंग से प्रकाशित किये गये विज्ञापनों में परिषद द्वारा नियमानुसार आवश्यक कटौती की जा सकती है अथवा सम्पूर्ण बीजक का भुगतान रोका / निरस्त किया जा सकता है।

8. बीजक में अपना तथा अधोहस्ताक्षकर्ता के विभाग का वस्तु एवं सेवा कर नं0 अवश्यक अंकित करें तथा बीजक तिथि के एक सप्ताह के अन्दर बीजक सीधे खण्ड कार्यालय में उपलब्ध करायें। उक्त निर्देशों के विपरीत तथा गलत अथवा भद्दे ढंग से प्रकाशित किये गये विज्ञापनों में उ0प्र0 पावर ट्रान्समिशन कारपो0 लि0 द्वारा नियमानुसार आवश्यक कटौती की जा सकती है अथवा सम्पूर्ण बीजक का भुगतान रोका / निरस्त किया जा सकता है।

सॅलग्नक : (1) **विज्ञापन आदेश प्रथम एवं द्वितीय प्रति।**
(2) **विज्ञापन सामग्री 01 नं0 ।**

'भवदीय'

(डी0सी0 दीक्षित)
अधिशासी अभियन्ता

अधिशासी अभियन्ता
विद्युत पारेषण खण्ड
उ0प्र0पावर ट्रान्स0कारपो0लि0
सीतापुर

पत्रॉक : / वि0पारे0खं0(सी0) / टी0–3 दिनॉक :

प्रतिलिपि विज्ञापन सामग्री सहित निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित।

(1) अनुसचिव (जनसम्पर्क) उ0प्र0 पावर ट्रान्स0 कारपोरेशन लि0, शक्ति भवन, लखनऊ।
(2) मुख्य अभियन्ता / महाप्रबन्धक, उ0प्र0 पावर ट्रान्स0 कारपोरेशन लि0, लखनऊ।
(3) अधीक्षण अभियन्ता (पारेषण) उ0प्र0पावर ट्रान्स0 कारपोरेशन लि0, शाहजहॉपुर।

सॅलग्नकः–विज्ञापन सामग्री।

(डी0सी0 दीक्षित)
अधिशासी अभियन्ता

अधिशासी अभियन्ता
विद्युत पारेषण खण्ड
उ0प्र0पावर ट्रान्स0कारपो0लि0
सीतापुर

# उ0प्र0 पावर ट्रान्समिशन कारपोरेशन लिमिटेड

## निविदा सूचना

अधिकृत एवं अनुभवी ठेकेदारों/फर्मों से निम्न कार्यों हेतु निम्नांकित तिथियों को 14:00 बजे तक ई-निविदा आमंत्रित की जाती है तथा उसी दिन 15:00 बजे के पश्चात् खोली जायेंगी। ई-निविदाओं का विस्तृत विवरण वेबसाइट www.etender.up.nic.in पर उपलब्ध रहेगा। निविदादाता द्वारा निविदा शुल्क व धरोहर धनराशि आर0टी0जी0एस0/एन0ई0एफ0टी0 के माध्यम से निविदा खुलने की तिथि से एक दिन पूर्व तक जमा की जायेगी तथा बैंक में जमा किये जाने का साक्ष्य यथा योज्य यू0टी0आर0 सं0, खाते का नाम प्रतिहस्ताक्षरित पे इन स्लिप की स्कैन्ड प्रति भी निविदा प्रपत्रों के साथ इलेक्ट्रानिकली साफ व पठनीय अपलोड की जायेगी। धरोहर धनराशि के बैंक गारण्टी के रूप में जमा किये जाने की दशा में जारीकर्ता बैंक के पुष्टिकरण में ली प्रतिहस्ताक्षरित स्कैन्ड प्रति भी निविदा प्रपत्रों के साथ इलेक्ट्रानिकली अपलोड की जायेगी। निविदा खुलने की तिथि को अवकाश की दशा में निविदा अगले कार्य दिवस में खोली जायेगी। कृपया सम्बन्धित साइट को समय-समय पर संभावित परिवर्तनों हेतु अवलोकित करें। अधोहस्ताक्षरकर्ता को एक व समस्त निविदा निरस्त करनें का अधिकार सुरक्षित रहेगा।

जीएसटी जमा किये जाने में आ रही कठिनाइयों के दृष्टिगत् मोबाइल बैंकिंग व अन्य माध्यमों से स्थानान्तरित शुल्क व धरोहर धनराशि स्वीकार्य नहीं होगी।

**ई-निविदा खुलने की तिथि:-19.08.2022**

**निविदा सूचना सं0:-01/वि0पारे0ख0(सी0)/2022-23**

132के0वी0 उपकेन्द्र बिसवॉं पर क्षमतावृद्धि के कार्य हेतु 220के0वी0 उपकेन्द्र नौबस्ता (विद्युत पारेषण खण्ड-द्वितीय कानपुर) से 132के0वी0 उपकेन्द्र बिसवॉं तथा 400के0वी0 उपकेन्द्र सरोजनी नगर लखनऊ से 132के0वी0 उपकेन्द्र बिसवॉं तक विभिन्न उपकरणों की लोडिंग/अनलोडिंग व ढुलाई का कार्य। धरोहर धनराशि ₹ 2000.00, निविदा प्रपत्र मूल्य ₹ 590.00 कर सम्मिलित (अप्रतिदेय)।

''राष्ट्रहित में बिजली बचायें''

अधिशासी अभियन्ता
विद्युत पारेषण खण्ड
उ0प्र0 पावर ट्रान्समिशन कार्पो0 लि0
सीतापुर।

अधिशासी अभियन्ता
विद्युत पारेषण खण्ड
उ0प्र0पावर ट्रान्स0कारपो0लि0
सीतापुर